## Processed Q&A from: Uncategorized_questions.docx

**1.**

Question: किस विकल्प में शब्द-युग्म का अर्थ-भेद सही नहीं है ?

**Options:**

A. गृह - ग्राह | घर - घड़ियाल
B. आकार आकर | आकृति – रचना
C. परिमाण - परिणाम | मात्रा - नतीजा
D. पवन - पावन | वायु - पवित्र

Answer: आकार आकर | आकृति – रचना

**2.**

Question: किस विकल्प में विलोम युग्म है ?

**Options:**

A. खोट-खौफ
B. तीर्थ-तीखा
C. मरियल-मरीचि
D. द्रुत-मंद

Answer: द्रुत-मंद

**3.**

Question: 'दूध के दाँत न टूटना' मुहावरे का अर्थ है :

**Options:**

A. ज्ञान और अनुभव न होना
B. उम्र सात वर्ष से कम होना
C. कमजोर होना
D. अस्थाई होना

Answer: ज्ञान और अनुभव न होना

**4.**

Question: निम्न में से किस शब्द का संधि-विच्छेद सही नहीं है ?

**Options:**

A. गुरुपदेश = गुरु + उपदेश
B. सप्तर्षि = सप्त + ऋषि
C. अत्यावश्यक = अती + आवश्यक
D. षडानन = षट् + आनन

Answer: अत्यावश्यक = अती + आवश्यक

**5.**

Question: निम्न में से किस विकल्प के सभी शब्दों में उपसर्ग तथा प्रत्यय (दोनों) का प्रयोग हुआ है ?

**Options:**

A. उनतीस, वर्तमान
B. भुलक्कड़, हँसोड़ा
C. फिलहाल, अधकचरा
D. सुबासिक, अभिमानी

Answer: सुबासिक, अभिमानी

**6.**

Question: 'रेलभाड़ा' शब्द किस समास का उदाहरण है ?

**Options:**

A. अव्ययीभाव समास
B. तत्पुरुष समास
C. कर्मधारय समास
D. बहुव्रीहि समास

Answer: तत्पुरुष समास

**7.**

Question: किस विकल्प में सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची नहीं हैं ?

**Options:**

A. राधा, कमला, हरिप्रिया
B. वस्त्र, वसन, पट
C. लहर, तरंग, हिलोर
D. मोक्ष, कैवल्य, मुक्ति

Answer: राधा, कमला, हरिप्रिया

**8.**

Question: निम्नलिखित शब्दों पर विचार कीजिए :
(1) साम्प्रदायिक (2) न्यायाधीश
(3) पारीश्रमिक (4) अभिसेक
किस विकल्प में सभी शब्द शुद्ध हैं ?

**Options:**

A. (1) और (4)
B. (2) और (3)
C. (1) और (2)
D. (1), (2) और (4)

Answer: (1) और (2)

RajTest

**9.**

Question: व्याकरण की दृष्टि से निम्न में से कौन सा शुद्ध वाक्य है ?

**Options:**

A. सूर्य पूर्व पर उगता है।

B. राम रोटी खाया ।

C. मैंने भगवद्गीता पढ़ा है।

D. आज मुझे बाजार जाना है।

Answer: आज मुझे बाजार जाना है।

**10.**

Question: किस वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द सार्थक नहीं है ?

**Options:**

A. पति धर्म ही जिसका व्रत हो - पतिव्रता

B. शोक की शुरुआत – शोकांत

C. सुंदर आकार वाला - सुडौल

D. हिंसा करने वाला – हिंसक

Answer: शोक की शुरुआत – शोकांत

**11.**

Question: किस विकल्प में अंग्रेजी पारिभाषिक शब्द का समकक्ष हिन्दी पारिभाषिक शब्द सही है ?

**Options:**

A. Enforcement – अप्रभावशील होना

B. Maladministration – व्यवस्थित प्रशासन

C. Overdraft – अतिमात्रा

D. Review – पुनर्विलोकन

Answer: Review – पुनर्विलोकन

**12.**

Question: किस विकल्प में 'Indorsement' शब्द का समकक्ष हिन्दी पारिभाषिक शब्द सही है.?

**Options:**

A. अविश्वसनीय

B. आक्षेप

C. पृष्ठांकन

D. अधिरोपण

Answer: पृष्ठांकन

**13.**

Question: " _ " आपके कंप्यूटर को मैलिशयस सॉफ्टवेयर के विरुद्ध सुरक्षा में सहायता नहीं करता है।

**Options:**

A. विन्डोज फायरवॉल

B. विन्डोज डिफेन्डर

C. ब्राउजर

D. एंटी-वायरस सॉफ्टवेयर

Answer: ब्राउजर

**14.**

Question: RAM कहाँ पर स्थित होती है ?

**Options:**

A. मदर बोर्ड

B. एक्सपैनशन बोर्ड

C. एक्सटरनल ड्राइव

D. इनमें से कोई नहीं

Answer: मदर बोर्ड

**15.**

Question: _ युज़र के डाटा या प्रोग्राम को स्टोर करने के लिए प्रत्यक्ष रूप से प्रयुक्त होता है।

**Options:**

A. फोल्डर

B. फाइल

C. रिसाइकिल बिन

D. इनमें से कोई नहीं

Answer: फाइल

**16.**

Question: एमएस-वर्ड में अधिकतम जूम प्रतिशत कितना होता है ?

**Options:**

A. 200

B. 400

C. 500

D. None of these/ इनमें से कोई नहीं

Answer: 500

**17.**

Question: निम्न में से कौन सा/से वर्ड प्रोसेसर का/के उदाहरण है/हैं ?

**Options:**

A. माइक्रोसॉफ्ट वर्ड

B. वर्ड परफेक्ट

C. माइक्रोसॉफ्ट वर्ड एवं वर्ड परफेक्ट दोनों

RajTest

D. इनमें से कोई नहीं

Answer: माइक्रोसॉफ्ट वर्ड एवं वर्ड परफेक्ट दोनों

**18.**

Question: माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल 2007 में, एक एकल फाइल या डॉक्यूमेंट को कहते हैं एक " _"

**Options:**

A. वर्कबुक

B. वर्कशीट

C. शीट

D. नोटबुक

Answer: वर्कबुक

**19.**

Question: निम्न में से कौन सा सिस्टम सॉफ्टवेयर प्रथमतः कंप्यूटर मेमोरी में लोड होता है, जब एक कंप्यूटर चालू किया जाता है ?

**Options:**

A. डिवाइस ड्राइवर्स

B. लैंग्वेज ट्रांसलेटर

C. सिस्टम यूटिलिटिज़

D. ऑपरेटिंग सिस्टम

Answer: ऑपरेटिंग सिस्टम

**20.**

Question: निम्न में से कौन सा ठोस अवस्था स्टोरेज डिवाइस का एक उदाहरण नहीं है ?

**Options:**

A. डी.वी.डी. रोम

B. मेमोरी कार्ड

C. यू.एस.बी. फ्लैश ड्राइव

D. इनमें से कोई नहीं

Answer: डी.वी.डी. रोम

**21.**

Question: डिवाइसेज, जैसे कि मॉनिटर तथा प्रिन्टर, जो कम्प्यूटरों से जुड़े हुए होते हैं, कहलाते हैं

**Options:**

A. सिस्टम डिवाइसेज

B. इनपुट डिवाइसेज

C. पेरिफेरल डिवाइसेज

D. इनमें से कोई नहीं

Answer: पेरिफेरल डिवाइसेज

**22.**

Question: निम्न में से कौन सा एक इनपुट डिवाइस नहीं है ?

**Options:**

A. ऑप्टिकल स्कैनर

B. कीबोर्ड

C. माउस पैड

D. टच पैड

Answer: माउस पैड

**23.**

Question: एक प्रोग्राम में त्रुटियों का पता लगाने और सुधारने की प्रक्रिया के लिए सही शब्द निम्न में से कौन सा है ?

**Options:**

A. डिबगिंग

B. ट्रांसलेटिंग

C. इंटरप्रेटिंग

D. कम्पाइलिंग

Answer: डिबगिंग

**24.**

Question: एक मेगाबाइट वास्तव में किलोबाइट के बराबर है।

**Options:**

A. 1000

B. 1024

C. 1084

D. इनमें से कोई नहीं

Answer: 1024

**25.**

Question: कौन सा पॉवर-प्वाइंट व्यू प्रिजेनटेशन के प्रत्येक स्लाइड को एक थम्बनेल के तौर पर डिस्प्ले करता है तथा स्लाइड्स को पुनःव्यवस्थित करने में उपयोगी है ?

**Options:**

A. स्लाइड डिजाइन

B. स्लाइड सॉरटर

C. स्लाइड शो

D. स्लाइड मास्टर

Answer: स्लाइड सॉरटर

**26.**

Question: निम्न में से कौन सा एक प्वाइंट एण्ड ड्रा डिवाइस है ?

RajTest

**Options:**
- A. स्कैनर
- B. प्रिन्टर
- C. माउस
- D. कीबोर्ड

Answer: माउस

**27.**

Question: DTP एक कम्प्यूटर संक्षेपण है, इसका सामान्यतया अर्थ है -

**Options:**
- A. डेस्कटॉप पब्लिशिंग
- B. डेस्कटॉप प्रोग्रामिंग
- C. डिजिटल टाइप प्रोग्राम
- D. डॉक्यूमेन्ट टॉप पब्लिशिंग

Answer: डेस्कटॉप पब्लिशिंग

**28.**

Question: निम्न में से कौन से राज्य का वनआच्छादित क्षेत्र अधिकतम है ?

**Options:**
- A. अरुणाचल प्रदेश
- B. असम
- C. हिमाचल प्रदेश
- D. मध्य प्रदेश

Answer: मध्य प्रदेश

**29.**

Question: भारत के 15 एग्रो-क्लाइमेटिक (कृषि जलवायु) क्षेत्रों में निम्न में से किस क्षेत्र को 'पश्चिमी शुष्क क्षेत्र' के रूप में वर्गीकृत किया गया है ?

**Options:**
- A. उत्तर बिहार शुष्क क्षेत्र
- B. राजस्थान शुष्क क्षेत्र
- C. नेफा (NEFA) क्षेत्र
- D. पश्चिम बंगाल दूअर्स

Answer: राजस्थान शुष्क क्षेत्र

**30.**

Question: असम की जलवायु है

**Options:**
- A. उष्णकटिबंधीय मानसून
- B. उष्णकटिबंधीय शुष्क
- C. शुष्क मरूस्थल प्रकार की जलवायु
- D. उष्णकटिबंधीय सवाना

Answer: उष्णकटिबंधीय मानसून

**31.**

Question: बाणसागर पनबिजली परियोजना कहाँ पर स्थित है ?

**Options:**
- A. मध्य प्रदेश
- B. उत्तराखंड
- C. गुजरात
- D. राजस्थान

Answer: मध्य प्रदेश

**32.**

Question: भारतीय गंगीय मैदान को दक्षिणी पठार से विभक्त करने वाली पर्वत श्रृंखला कौन सी है ?

**Options:**
- A. विन्ध्य
- B. अरावली
- C. पूर्वांचल
- D. काराकोरम

Answer: विन्ध्य

**33.**

Question: भारत के किस क्षेत्र में श्योक एवं नुब्रा घाटियाँ स्थित हैं ?

**Options:**
- A. काँगड़ा क्षेत्र
- B. लद्दाख क्षेत्र
- C. चम्बा क्षेत्र
- D. इनमें से कोई नहीं

Answer: लद्दाख क्षेत्र

**34.**

Question: सूची - I (चोटी) को सूची - II (पर्वत श्रृंखला) के साथ सुमेलित करें एवं सूचियों के नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर चुनें :

List - I/सूची - I (Peaks)/(चोटी)

a. Gurushikhar/ गुरुशिखर

b. Dhupgarh/ धूपगढ़

c. Doda Betta/ डोडा बेट्टा

d. Saser Kangri/ सासेर काँगरी

List - II /सूची - II (Mountain Range)/ (पर्वत श्रृंखला)

1. Karakoram/काराकोरम

RajTest

2. Satpura/सतपुड़ा
3. Nilgiri/नीलगिरि
4. Vindhya/विन्ध्य
5. Aravalli/अरावली
Codes / कूट :

**Options:**

A. 4 2 3 1

B. 5 4 1 3

C. 4 5 2 3

D. 5 2 3 1

Answer: 5 2 3 1

**35.**

Question: डायनेमो एक युक्ति है परिवर्तित करने की

**Options:**

A. विद्युत ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में

B. यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में

C. यांत्रिक ऊर्जा को गति में

D. इनमें से कोई नहीं

Answer: यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में

**36.**

Question: निम्न में से कौन से तत्त्व मानक दाब एवं कमरे के तापमान पर तरल (द्रव) होते हैं?
1. Helium/ हीलियम
2. Bromine / ब्रोमाइन
3. Mercury / मरकरी
4. Chlorine / क्लोरीन
नीचे दिए गए कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनें :

**Options:**

A. 2, 3, 4

B. 2,3

C. 1, 2, 3

D. यह सभी

Answer: 2,3

**37.**

Question: जठरशोथ (ग्रैस्ट्राइटिस) मानव शरीर के किस भाग को प्रभावित करता है ?

**Options:**

A. पैर

B. त्वचा

C. फेफड़े

D. उदर

Answer: उदर

**38.**

Question: मानव में कितने मेरु तंत्रिका युग्म पाए जाते हैं ?

**Options:**

A. 31

B. 12

C. 10

D. 37

Answer: 31

**39.**

Question: मशरूम क्या है ?

**Options:**

A. कवक

B. जीवाणु

C. पादप

D. प्राणी

Answer: कवक

**40.**

Question: एन्ज़ाइम जिसकी उपस्थिति में ग्लूकोज़ एवं फ्रक्टोज़ एल्कोहल में परिवर्तित हो जाते हैं, है -

**Options:**

A. इनवर्टेज़

B. ज़ाइमेज़

C. माल्टेज़

D. इनमें से कोई नहीं

Answer: ज़ाइमेज़

**41.**

Question: डी.पी.टी. टीका इन बीमारियों से बचाव के लिए दिया जाता है -

**Options:**

A. डेंगू, पोलियो एवं टेटनस

B. डिप्थीरिया, पटुसिस एवं टायफॉइड

C. डिप्थीरिया, पटुसिस एवं टेटनस

D. डेंगू, पटुसिस एवं टायफॉइड

Answer: डिप्थीरिया, पटुसिस एवं टेटनस

**42.**

RajTest

Question: निम्न को सुमेलित करें :
a. Nyaya/न्याय 1. Kanada/कणाद
b. Vaisheshika/ वैशेषिक 2. Shankaracharya/ शंकराचार्य
c. Yoga/योग 3. Gautama/गौतम
d. Vedanta/ वेदांत 4. Patanjali/ पतंजलि
दिए गए कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनें ।
Codes / कूट :

**Options:**

A. 3 1 4 2

B. 2 3 4 1

C. 4 1 3 2

D. 3 4 1 2

Answer: 3 1 4 2

**43.**

Question: दिल्ली पर शासन करने वाले निम्न गुलाम वंश शासकों का कालक्रमानुसार सही क्रम कौन सा है ?

**Options:**

A. रज़िया, नासिरुद्दीन, बलबन, इल्तुतमिश

B. नासिरुद्दीन, बलबन, रज़िया, इल्तुतमिश

C. इल्तुतमिश, रज़िया, नासिरुद्दीन, बलबन

D. इल्तुतमिश, बलबन, नासिरुद्दीन, रज़िया

Answer: इल्तुतमिश, रज़िया, नासिरुद्दीन, बलबन

**44.**

Question: निम्न वक्तव्यों पर विचार करें :
अकबर ने राजपूतों से सहयोग एवं मित्रता की अपेक्षा की :
1. अफगान विद्रोह को दबाने के लिए ।
2. भारत में मुग़ल साम्राज्य की नींव को मज़बूत करने के लिए।
3. फतेहपुर सीकरी में इबादतखाना के निर्माण के लिए
4. भारत पर आक्रमण करने वाली विदेशी जनजातियों को हराने के लिए ।
उपरोक्त में से कौन से वक्तव्य सही हैं ?

**Options:**

A. 1,2,4

B. 2,3

C. only/केवल 2

D. इनमें से कोई नहीं

Answer: only/केवल 2

**45.**

Question: 1800 में हम्पी के भग्नावशेष को किसके द्वारा प्रकाश में लाया गया ?

**Options:**

A. कर्नल कोलीन मेकेन्जी

B. थोमस हिकी

C. डोमिन्गो पेस

D. निकोलो डी कोन्टी

Answer: कर्नल कोलीन मेकेन्जी

**46.**

Question: अखिल भारतीय मुस्लिम लीग की स्थापना में हुई थी।

**Options:**

A. 1902

B. 1906

C. 1904

D. 1916

Answer: 1906

**47.**

Question: निम्न घटनाओं का सही क्रम क्या है ?
1. अंतरिम सरकार का गठन
2. कैबिनेट मिशन का आगमन
3. मुस्लिम लीग द्वारा सीधी कार्यवाही
4. जिन्ना द्वारा शिमला सम्मेलन को बर्बाद करना

**Options:**

A. 1, 3, 4, 2

B. 2, 4, 3, 1

C. 3, 2, 4, 1

D. 4, 2, 3, 1

Answer: 4, 2, 3, 1

**48.**

Question: दिलवाड़ा मंदिर किस धर्म से संबंधित हैं ?

**Options:**

A. जैन धर्म

B. हिन्दू धर्म एवं जैन धर्म

C. हिन्दू धर्म

D. बौद्ध धर्म

Answer: जैन धर्म

**49.**

Question: निम्न में से कौन संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे ?

**Options:**

A. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

B. जे.एल. नेहरू

RajTest

C. डॉ. बी.आर. अम्बेडकर

D. जे.बी. कृपलानी

Answer: डॉ. बी.आर. अम्बेडकर

**50.**

Question: द्वारा भारतीय संविधान से सम्पत्ति का अधिकार विलोपित किया गया ।

**Options:**

A. 44वें संशोधन अधिनियम

B. 40वें संशोधन अधिनियम

C. 86वें संशोधन अधिनियम

D. 71वें संशोधन अधिनियम

Answer: 44वें संशोधन अधिनियम

**51.**

Question: निम्न को मिलाइए :
President/ राष्ट्रपति Tenure/कार्यकाल
a. Dr. Zakir Hussain/ डॉ. ज़ाकिर हुसैन 1. 1987-1992
b. R. Venkataraman/ आर. वेंकटरमण 2. 2002-2007
c. Dr. A.P.J. Abdul Kalam/डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम 3. 1967-1969
सही उत्तर है :
Codes / कूट :

**Options:**

A. 1 2 3

B. 3 1 2

C. 2 3 1

D. 1 3 2

Answer: 3 1 2

**52.**

Question: नीचे दिए गए दो वक्तव्यों को अभिकथन (A) और तर्क (R) के रूप में चिह्नित किया गया हैं। दोनों वक्तव्यों के संदर्भ में, निम्न में से कौन सा सत्य है ?
अभिकथन (A) : भारत में न्यायपालिका कार्यपालिका से स्वतन्त्र है।
तर्क (R) : न्यायपालिका सरकार का पक्ष लेती है और उसकी योजनाओं के कार्यान्वयन में सहायता करती है।

**Options:**

A. (A) एवं (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

B. (A) एवं (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

C. (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है।

D. (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है।

Answer: (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है।

**53.**

Question: केन्द्रीय मंत्री परिषद् सामूहिक रूप से किसके प्रति उत्तरदायी होती है ?

**Options:**

A. लोक सभा

B. राज्य सभा

C. राष्ट्रपति

D. प्रधानमंत्री

Answer: लोक सभा

**54.**

Question: पोषण ज्ञान, स्वास्थ्य एवं पोषण पर राष्ट्रीय डिजिटल भण्डार प्रारम्भ किया

**Options:**

A. नीति आयोग ने

B. ग्रामीण विकास मंत्रालय ने

C. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने

D. गृह मंत्रालय ने

Answer: नीति आयोग ने

**55.**

Question: भारतीय संविधान में अनुच्छेद 338-A - अनुसूचित जनजातियों के लिए राष्ट्रीय आयोग अन्तःस्थापित किया गया -

**Options:**

A. 102वें संशोधन अधिनियम, 2018 द्वारा

B. 104वें संशोधन अधिनियम, 2020 द्वारा

C. 105वें संशोधन अधिनियम, 2021 द्वारा

D. 89वें संशोधन अधिनियम, 2003 द्वारा

Answer: 89वें संशोधन अधिनियम, 2003 द्वारा

**56.**

Question: निम्न में से किस अभिनेत्री ने 2019 के लिए श्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता ?

**Options:**

A. कंगना रणौत

B. आलिया भट्ट

C. तापसी पन्नू

D. भूमि पेडनेकर

Answer: कंगना रणौत

**57.**

RajTest

Question: निम्न में से कौन सा/कौन सी डिजिटल इंडिया फ्लैगशिप स्कीम के अंतर्गत सरकार द्वारा शुरू किया गया/की गयी डिजिटल इंडिया इनिशिएटिव/सेवाएँ है ?

**Options:**

A. मोबाइल आधारित उमंग सेवाएँ

B. डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर

C. डिजी लॉकर

D. ये सभी

Answer: ये सभी

**58.**

Question: आर.बी.आई. के निर्देशानुसार, 1 अक्टूबर से एक महीने में दस घंटे से अधिक नकद की अनुपलब्धता के लिए बैंकों पर प्रति ए.टी.एम. र दण्ड लगाया जाएगा ।

**Options:**

A. 25,000

B. 10,000

C. 15,000

D. 5,000

Answer: 10,000

**59.**

Question: निम्न में से कौन भारत का कोविड-19 टीका पाने वाला प्रथम देश है ?

**Options:**

A. ब्राजील

B. दक्षिण अफ्रीका

C. मालदीव

D. इंडोनेशिया

Answer: मालदीव

**60.**

Question: किन देशों के रेलवे के संयुक्त प्रयासों से बहाल हल्दीबाड़ी - चिलाहाटी रेल मार्ग पर मालगाड़ी (फ्रेट ट्रेन) नियमित रूप से फिर से शुरू की गई ?

**Options:**

A. भारत - म्यांमार

B. भारत पाकिस्तान

C. भारत - बांग्लादेश

D. भारत - नेपाल

Answer: भारत - बांग्लादेश

**61.**

Question: निर्देश (प्रश्न 118 से 120): दिये गये प्रश्नों का उत्तर देने हेतु निम्नलिखित सूचना का अध्ययन ध्यानपूर्वक करें : एक शब्द एवं संख्या विन्यास मशीन को जब शब्दों एवं संख्याओं की निवेश रेखा दी जाती है तब वह प्रत्येक चरण में एक विशिष्ट नियम का अनुसरण कर उन्हें पुनः व्यवस्थित कर देती है । निवेश और पुनःव्यवस्था का एक उदाहरण निम्नलिखित है :
निवेश : goal 63 57 home five task 82 17
चरण I : 82 goal 63 57 home five task 17
चरण II: 82 five goal 63 57 home task 17
चरण III : 82 five 63 goal 57 home task 17
चरण IV: 82 five 63 goal 57 home 17 task
और चरण IV अंतिम उत्पाद है।
उपरोक्त चरणों में अनुसरित नियमों के अनुसार निम्न प्रश्नों में दिये गये निवेश के लिए उपयुक्त चरण ज्ञात करें :

निवेश : host 15 32 page 43 over mother 92
निम्नलिखित में से अंतिम से पहला चरण क्या होगा ?

**Options:**

A. IV

B. VI

C. VII

D. इनमें से कोई नहीं

Answer: VI

**62.**

Question: एक निवेश का चरण II है
67 cat 12 25 dog fight man 42.
निम्न में से कौन सा चरण V होगा ?

**Options:**

A. 67 cat 42 dog 25 fight 12 man

B. 67 cat 42 dog 25 12 fight man

C. 67 cat 42 dog 12 25 fight man

D. None of these/ इनमें से कोई नहीं

Answer: 67 cat 42 dog 25 12 fight man

**63.**

Question: एक निवेश का चरण III है -
81 boat 73 wheel spike dancer 32 59.
पुनःव्यवस्थापन को पूर्ण करने के लिए कितने और चरण की आवश्यकता है ?

**Options:**

A. तीन

B. चार

C. पाँच

D. इनमें से कोई नहीं

Answer: चार

RajTest

**64.**

Question: 'छप्पन का मैदान' स्थित है

**Options:**

A. बाँसवाड़ा-डूंगरपुर के बीच

B. प्रतापगढ़-बाँसवाड़ा के बीच

C. बाँसवाड़ा-कुशलगढ़ के बीच

D. चित्तौड़गढ़-प्रतापगढ़ के बीच

Answer: प्रतापगढ़-बाँसवाड़ा के बीच

**65.**

Question: सहरिया जनजाति राजस्थान के किस जिले में निवास करती है ?

**Options:**

A. बाराँ

B. झालावाड़

C. बूंदी

D. कोटा

Answer: बाराँ

**66.**

Question: गंगानगर से हनुमानगढ़ जिले का गठन कब हुआ था ?

**Options:**

A. 01.08.94

B. 18.04.96

C. 18.04.95

D. 12.07.94

Answer: 12.07.94

**67.**

Question: निम्न में से कौन से कछवाहा शासक ने मीणाओं को हराकर आमेर को अपनी राजधानी बनाया ?

**Options:**

A. दूल्हेराय

B. जयसिंह

C. कोकिलदेव

D. मानसिंह

Answer: कोकिलदेव

**68.**

Question: 'राजस्थान उच्च न्यायालय' की पीठ (बेंच) निम्न में से कहाँ स्थित है ?

**Options:**

A. बीकानेर

B. अजमेर

C. जयपुर

D. जोधपुर

Answer: जयपुर

**69.**

Question: सुमेलित कीजिए :
Books / पुस्तक Writer / लेखक
a. हम्मिरायण / हम्मिरायण - 1. बादर / बादर
b. वीरमायण / वीरमायण - 2. मंछाराम सेवग / मंछाराम सेवग
c. रघुनाथ रूपक / रघुनाथ रूपक - 3. भांडउ व्यास / भांडउ व्यास

**Options:**

A. 3. 2 1

B. 2 1,3

C. 3 1.2

D. 1 2 3

Answer: 3 1.2

**70.**

Question: 1857 में नसीराबाद में विद्रोह करने वाली बटालियन थी

**Options:**

A. बॉम्बेलांसर्स

B. 30वीं बंगाल नेटिव इन्फेण्टरी

C. मेरवाड़ा बटालियन

D. 15वीं बंगाल नेटिव इन्फेण्टरी

Answer: 15वीं बंगाल नेटिव इन्फेण्टरी

**71.**

Question: राजस्थान में, निम्न में से कौन सा नृत्य केवल पुरुषों द्वारा किया जाता है ?

**Options:**

A. घूमर

B. कच्छी घोड़ी

C. तेरह ताली

D. कत्थक

Answer: कच्छी घोड़ी

**72.**

Question: कौन सा युग्म असंगत है ?

RajTest

**Options:**

A. आर्थणा मंदिर - बाड़मेर

B. हर्षत माता मंदिर - आभानेरी, दौसा

C. विभीषण मंदिर - कैथून, कोटा

D. हर्षनाथ मंदिर - सीकर

Answer: आर्थणा मंदिर - बाड़मेर

**73.**

Question: चौहान राजवंश के निम्नलिखित शासकों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :
1. पृथ्वीराज III 2. अजयराज
3. अर्णोराज 4. विग्रहराज IV

**Options:**

A. 1,3, 2, 4

B. 1, 4, 2, 3

C. 2, 3, 4, 1

D. 2, 3, 1, 4

Answer: 2, 3, 4, 1

**74.**

Question: निम्नांकित को सुमेलित कीजिए :
सूची-I सूची-II
a. कुम्भलगढ़ वन्य जीव अभयारण्य 1. सरिस्का
b. केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान 2. जैसलमेर
c. मरु राष्ट्रीय उद्यान 3. भरतपुर
d. टाइगर रिज़र्व 4. राजसमन्द

**Options:**

A. 4 3 2 1

B. 1 4 2 3

C. 1 3 4 2

D. 3 1 2 4

Answer: 4 3 2 1

**75.**

Question: राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष को द्वारा निलम्बित किया जा सकता है।

**Options:**

A. राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

B. राजस्थान के मुख्यमंत्री

C. राजस्थान के राज्यपाल

D. इनमें से कोई नहीं

Answer: राजस्थान के राज्यपाल

**76.**

Question: निम्नलिखित को सुमेलित करें :
Tourist Circuit/ पर्यटन सर्किट Area/ क्षेत्र
a. Brij Mewat Circuit / ब्रज मेवात सर्किट - 1. Alwar-Bharatpur- Sawai Madhopur/ अलवर-भरतपुर-सवाई माधोपुर
b. Shekhawati Circuit / शेखावाटी सर्किट - 2. Ajmer-Pushkar- Merta-Nagaur/ अजमेर-पुष्कर-मेड़ता- नागौर
c. Desert Circuit / मरु सर्किट - 3. Churu-Sikar-Jhunjhunu / चुरू-सीकर-झुंझुनूं
d. Merwada Circuit / मेरवाड़ा सर्किट - 4. Jodhpur-Jaisalmer- Bikaner-Barmer/ जोधपुर-जैसलमेर- बीकानेर-बाड़मेर

**Options:**

A. 3 2 1 4

B. 4 2 3 1

C. 1 2 3 4

D. 2 1 4 3

Answer: 1 2 3 4

**77.**

Question: राजस्थान की प्राचीन रियासत के संदर्भ में कांसा परोसा क्या था ?

**Options:**

A. सिंचाई की एक किस्म

B. इनमें से कोई नहीं

C. एक प्रकार की लाग (कर)

D. भूमि का एक प्रकार

Answer: एक प्रकार की लाग (कर)

**78.**

Question: संत पीपा की गुफा कहाँ है ?

**Options:**

A. पीपाड़

B. टोडा

C. धनेरा

D. गागरोन

Answer: टोडा

**79.**

Question: भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन सा अनुच्छेद राज्यपाल की कार्यपालक शक्तियों से संबंधित है ?

**Options:**

A. अनुच्छेद 142

B. अनुच्छेद 154

C. अनुच्छेद 171

D. अनुच्छेद 158

Answer: अनुच्छेद 154

**80.**

Question: शेखावाटी किसान आंदोलन सन् 1947 में किसके प्रयासों से समाप्त हुआ ?

**Options:**

A. जमनालाल बजाज

B. जयनारायण व्यास

C. माणिक्यलाल वर्मा

D. हीरालाल शास्त्री

Answer: हीरालाल शास्त्री

**81.**

Question: सवाई रामसिंह-II द्वारा किस वर्ष राजस्थान कला विद्यालय की स्थापना की गई ?

**Options:**

A. 1882

B. 1860

C. 1857

D. इनमें से कोई नहीं

Answer: 1857

**82.**

Question: सूची-I (विरासत) का सूची-II (स्थान) के साथ मिलान करें और सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनें :
सूची-I सूची-II
a. गजनेर महल 1. बाड़मेर
b. किराडू मंदिर 2. उदयपुर
c. जग मंदिर 3. बीकानेर

**Options:**

A. 2 1 3

B. 3 1 2

C. 3 2 1

D. 1 2 3

Answer: 3 1 2

**83.**

Question: 'अलखिया सम्प्रदाय' की स्थापना किसने की ?

**Options:**

A. संत दासजी

B. चरण दास

C. स्वामी लाल गिरी

D. भोलानाथ

Answer: स्वामी लाल गिरी

**84.**

Question: अलवर जिले के जोगी जाति के लोग निम्न में से किस वाद्य को बजाते हैं ?

**Options:**

A. रबाज

B. भपंग

C. सारंगी

D. जन्तर

Answer: भपंग

**85.**

Question: राजस्थान के वे राज्यपाल जिनका कार्यकाल के दौरान निधन हुआ
1. एस. के. सिंह 2. श्रीमती प्रभा राव
3. निर्मल चंद जैन 4. दरबारा सिंह

**Options:**

A. केवल 2

B. 2,4

C. 1, 2, 3, 4

D. केवल 1

Answer: 1, 2, 3, 4

**86.**

Question: नागौर का 'बू' गाँव किस कलात्मक कार्य के लिए प्रसिद्ध है ?

**Options:**

A. जूट पट्टी

B. कच्ची मिट्टी के खिलौने

C. मोटी सूती शॉल

D. हस्त निर्मित कागज

Answer: कच्ची मिट्टी के खिलौने

**87.**

Question: निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार करें :
1. राजस्थान में लोकायुक्त संस्था को वर्ष 1973 में स्थापित किया गया था।
2. न्यायमूर्ति आई.डी. दुआ राजस्थान राज्य के प्रथम लोकायुक्त थे ।
उपरोक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

**Options:**

A. केवल 2 सही है।

RajTest

B. 1 एवं 2 दोनों सही हैं।

C. 1 एवं 2 दोनों गलत हैं।

D. केवल 1 सही है।

Answer: 1 एवं 2 दोनों सही हैं।

**88.**

Question: निम्न में से कौन सा युग्म सही है ?
संस्थान स्थापना.

**Options:**

A. राजस्थान साहित्य अकादमी 1969

B. राजस्थान संगीत नाटक अकादमी - 1957

C. राजस्थान ब्रज भाषा अकादमी 1982

D. राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी 1980

Answer: राजस्थान संगीत नाटक अकादमी - 1957

**89.**

Question: निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प राजस्थान के मुख्यमंत्रियों के कार्यकाल का कालक्रमानुसार सही क्रम है ?

**Options:**

A. शिवचरण माथुर जगन्नाथ पहाड़िया – भैरोंसिंह शेखावत - हरिदेव जोशी

B. जगन्नाथ पहाड़िया - भैरोंसिंह शेखावत – शिवचरण माथुर - हरिदेव जोशी

C. शिवचरण माथुर - हरिदेव जोशी – जगन्नाथ पहाड़िया - भैरोंसिंह शेखावत

D. हरिदेव जोशी - भैरोंसिंह शेखावत – जगन्नाथ पहाड़िया - शिवचरण माथुर

Answer: हरिदेव जोशी - भैरोंसिंह शेखावत – जगन्नाथ पहाड़िया - शिवचरण माथुर

**90.**

Question: राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति एक उच्च स्तरीय समिति की संस्तुति पर राज्यपाल द्वारा की जाती है। इस समिति के अध्यक्ष होते हैं :

**Options:**

A. मुख्यमंत्री

B. राज्य विधान मण्डल के अध्यक्ष

C. सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

D. उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

Answer: मुख्यमंत्री

**91.**

Question: 'अशोकाष्टमी' मनाई जाती है

**Options:**

A. चैत्र कृष्ण अष्टमी को

B. वैशाख शुक्ल अष्टमी को

C. श्रावण कृष्ण अष्टमी को

D. चैत्र शुक्ल अष्टमी को

Answer: चैत्र शुक्ल अष्टमी को

**92.**

Question: राजस्थान राज्य के प्रथम मुख्य सूचना आयुक्त कौन थे ?

**Options:**

A. श्री एन.के. जैन

B. श्री अमरजीत सिंह

C. श्री एम.डी. कौराणी

D. श्री इन्द्रजीत खन्ना

Answer: श्री एम.डी. कौराणी

**93.**

Question: नीति निर्माण एक संयुक्त प्रयास होता है जिसमें बहुत सी संस्थाएँ हिस्सा लेती हैं। उन्हें सुमेलित करें :
a. संविधान - 1. नीति निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका
b. संसद - 2. नीति निर्माण के लिए मुख्य निकाय
c. मंत्रिमंडल - 3. नीतियों का मुख्य स्रोत भारतीय संविधान है । प्रस्तावना और निदेशक सिद्धांत उसके प्रेरणा स्रोत हैं।
d. नीति आयोग - 4. सरकार की मुख्य नीतियाँ संसद द्वारा अनुमोदित की जाती हैं।

**Options:**

A. 3 4 2 1

B. 3 2 1 4

C. 2 1 3 4

D. 1 4 3 2

Answer: 3 4 2 1

**94.**

Question: डी.आर.डी.ओ. के अध्यक्ष कौन हैं ?

**Options:**

A. सी. विजयाकुमार

B. डॉ. जी. सतीश रेड्डी

C. के. सिवन

D. इनमें से कोई नहीं

Answer: डॉ. जी. सतीश रेड्डी

**95.**

Question: बुद्धदेब गुहा, एक प्रख्यात थे, जिनका हाल ही में देहावसान हुआ ।

RajTest

**Options:**

A. राजनीतिज्ञ

B. खिलाड़ी

C. लेखक

D. संगीतज्ञ

Answer: लेखक

**96.**

Question: मरियप्पन थंगवेलू और शरद कुमार, जिन्होंने टोक्यो पैरालिम्पिक्स में पदक जीते थे, किस खेल से संबंधित हैं ?

**Options:**

A. ऊँची कूद (हाई जम्प)

B. भाला फेंक (जैवलिन थ्रो)

C. निशानेबाजी

D. इनमें से कोई नहीं

Answer: ऊँची कूद (हाई जम्प)

**97.**

Question: राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारत की प्रथम आकस्मिक लैन्डिंग सुविधा (हवाई पट्टी) का उद्घाटन हाल ही में राजस्थान के किस जिले में हुआ ?

**Options:**

A. बीकानेर

B. उदयपुर

C. बाड़मेर

D. जयपुर

Answer: बाड़मेर

**98.**

Question: प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में ब्रिक्स सम्मेलन 2021 की परोक्ष रूप से (वर्चुअली) अध्यक्षता की। यह सम्मेलन वार्षिक कार्यक्रम का कौन सा संस्करण था ?

**Options:**

A. 12

B. 13

C. 15

D. 11

Answer: 13

**99.**

Question: निम्नलिखित अक्षर श्रेणी में कुछ अक्षर लुप्त हैं, इन्हें उसके नीचे रखे गये विकल्पों में से किसी एक में उसी क्रम में दिया गया है।
aa bcb abccc bea abc
सही विकल्प का चयन कीजिए :

**Options:**

A. bbab

B. bbaa

C. aaba

D. abaa

Answer: aaba

**100.**

Question: दिये गये शब्दों के युग्मों में से आपको उस युग्म का चयन करना है जो प्रथम युग्म के शब्दों की तरह ही निकट रूप से संबंधित हैं
कैंची : कपड़ा :: :

**Options:**

A. कलम : कागज

B. भट्ठी : कोयला

C. चट्टान : पत्थर

D. उस्तरा : बाल

Answer: उस्तरा : बाल

**101.**

Question: अक्षरों के उस समूह का चयन करें जो अन्य से भिन्न हैं।

**Options:**

A. MQT

B. HLP

C. IMQ

D. EIM

Answer: MQT

**102.**

Question: अंग्रेजी वर्णमाला श्रृंखला में दायें छोर से 7वें अक्षर के बायीं ओर का 11वाँ अक्षर कौन सा होगा ?

**Options:**

A. D

B. E

C. I

D. P

Answer: I

**103.**

RajTest

Question: निर्देश : दिए गए परिच्छेद को पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों (80-82) के उत्तर दीजिए :
रेबीज एक रोग है, जो रेबीज़ संक्रमित जानवरों, साधारणतया कुत्ते के काटने से मनुष्यों एवं जानवरों में संचारित होता है। यह संक्रमित जानवर की लार में उपस्थित विषाणु के द्वारा होता है जो पीड़ित के घाव पर जमा हो जाता है और कई गुना बढ़कर मस्तिष्क एवं मेरुरज्जू की ओर बढ़ जाता है। यदि इलाज नहीं कराया गया तो इस प्रकार के लगभग आधे केसों में रेबीज़ विकसित हो जाता है। रोग के लक्षण काटने के एक से तीन महीने बाद शुरू होते हैं। भारत में रेबीज़ के निदान के लिए बहुत कम लैबोरेट्री जाँच उपलब्ध हैं। कुत्ते के काटने से हुए घाव को साबुन और पानी से तत्काल धोना एहतियाती उपायों में शामिल है। घाव का इलाज सेटावायन (Cetavion) : स्प्रिंट और आयोडिन का टिंचर (घोल) से भी किया जाता है।

80. रेबीज़ किसी भी जानवर के खुले कटे घावों के द्वारा दूसरे जानवरों को संचारित हो सकता है।

**Options:**

A. संभवतः सही है।

B. संभवतः गलत है।

C. निश्चित सही हैं।

D. निश्चित गलत है।

Answer: संभवतः सही है।

**104.**

Question: रेबीज़ संक्रमित जानवर के एक स्वस्थ जानवर को काटने का परिणाम निश्चित तौर पर रेबीज़ का फैलाव होता है।

**Options:**

A. निश्चित गलत है।

B. डेटा अपर्याप्त ।

C. संभवतः सही है।

D. निश्चित सही है।

Answer: निश्चित गलत है।

**105.**

Question: रेबीज़ की पहचान के लिए घरेलू कुत्तों के लार की समय-समय पर जाँच करानी चाहिए ।

**Options:**

A. संभवतः सही है।

B. निश्चित सही है।

C. डेटा अपर्याप्त है।

D. निश्चित गलत है।

Answer: डेटा अपर्याप्त है।

**106.**

Question: सिमरन ने राहुल को बताया, "वह लड़की मेरे मित्र की माँ के जीजा की सबसे छोटी बेटी है।" वह लड़की सिमरन की दोस्त से किस प्रकार संबंधित है ?

**Options:**

A. भतीजी/भान्जी

B. आँटी

C. कज़िन

D. भतीजा/भान्जा

Answer: कज़िन

**107.**

Question: यदि 'BUS' को 'DWU' कूटित किया गया है, तो आप 'ROBS' का कूट क्या बनायेंगे ?

**Options:**

A. SPDO

B. SPCD

C. TQCU

D. TQDU

Answer: TQDU

**108.**

Question: महेश पश्चिम की ओर 20 मीटर चला, बायें मुड़कर 20 मीटर चला, फिर वह दायें मुड़कर 20 मीटर चला और दुबारा दायें मुड़कर 20 मीटर चला । अब महेश अपने शुरुआती बिंदु से कितनी दूरी पर है ?

**Options:**

A. 40 m/मीटर

B. 60 m/मीटर

C. 80 m/मीटर

D. 90 m/मीटर

Answer: 40 m/मीटर

**109.**

Question: H, I, J, K, L, M और N केन्द्र की ओर मुख कर एक वृत्त में बैठे हैं। H और K का पड़ोसी है L, M और J के मध्य N नहीं है। M, H के तत्काल दायें है। I, N के बायें दूसरा है।
निम्न युग्मों में से किसमें दूसरा व्यक्ति, पहले व्यक्ति के तत्काल बायें बैठा है ?

**Options:**

A. LI

B. KL

C. MI

D. HL

Answer: HL

**110.**

Question: लड़कियों की एक पंक्ति में, पिंकी बायें से 11वीं है और डिंकी दाहिने छोर से 13वीं है। सीमा, पिंकी के दायें से दूसरी और डिंकी के बायें से चौथी है । पंक्ति में कुल कितनी लड़कियाँ हैं ?

**Options:**

A. 30

B. 27

C. 29

D. 28

Answer: 29

**111.**

Question: निम्न शब्दों का अर्थपूर्ण क्रम दिए गए उत्तरों में से कौन सा एक होगा ?
1. लकड़ी
2. पुस्तक
3. फैक्ट्री
4. कागज़
5. मुद्रण

**Options:**

A. 1, 3, 4, 5, 2

B. 2, 5, 1, 4, 3

C. 3, 1, 4, 2, 5

D. 4, 2, 3, 5, 1

Answer: 1, 3, 4, 5, 2

**112.**

Question: निम्नलिखित डिज़ाइन में प्रश्न चिह्न (?) को कौन सा अक्षर प्रतिस्थापित करेगा ?

**Options:**

A. O

B. P

C. Q

D. R

Answer: O

**113.**

Question: प्रश्न चिह्न (?) के लिए सही अक्षर प्रदान करें :
XA, ?, DI, GO, JU

**Options:**

A. VE

B. WE

C. AE

D. CE

Answer: AE

**114.**

Question: दिये गये शब्दों के युग्मों में से आपको उस युग्म का चयन करना है जो प्रथम युग्म के शब्दों की तरह ही निकट रूप से संबंधित हैं
नाइट्रोजन : गैसीय : : :

**Options:**

A. लेड : पेन्सिल

B. पंख : डैना

C. मरक्युरी : तरल (द्रव)

D. नाइट्रोजन : ऑक्सीजन

Answer: मरक्युरी : तरल (द्रव)

**115.**

Question: दिए गए विकल्पों में से विषम को चुनें ।

**Options:**

A. 8,8

B. 12,4

C. 3, 13

D. 10,7

Answer: 10,7

**116.**

Question: अंग्रेजी वर्णमाला श्रेणी में दायें छोर से 9वें अक्षर के दायें ओर का चौथा अक्षर कौन सा होगा ?

**Options:**

A. D

B. V

C. G

D. X

Answer: V

**117.**

Question: सुनीता का परिचय कराते हुए, निकिता ने कहा, "वह मेरे पिता की इकलौती बेटी की इकलौती बेटी है" । निकिता, सुनीता से किस प्रकार संबंधित है ?

**Options:**

A. आंटी

B. कज़िन

RajTest

C. नीस

D. इनमें से कोई नहीं

Answer: इनमें से कोई नहीं

**118.**

Question: यदि 'ROME' को लिखा जाता है 'MORE', तो 'DARE' को लिखा जाएगा -

**Options:**

A. REED

B. ROAD

C. RAED

D. RADE

Answer: RADE

**119.**

Question: अनिल उत्तर की ओर 10 कि.मी. चला। वहाँ से वह पीछे पलटा और दक्षिण की ओर 6 कि.मी. चला । उसके बाद वह पूर्व की ओर 3 कि.मी. चला । वह शुरुआती बिंदु से कितनी दूरी पर था ?

**Options:**

A. 16 कि.मी.

B. 5 कि.मी.

C. 17 कि.मी.

D. 9 कि.मी.

Answer: 5 कि.मी.

**120.**

Question: एक स्कूल में पाँच शिक्षक थे । A और B संस्कृत तथा गणित पढ़ाते थे । X और B गणित तथा इतिहास पढ़ाते थे । Y और A हिन्दी तथा संस्कृत पढ़ाते थे । Z और B भूगोल तथा स्पैनिश पढ़ाते थे । निम्न में से कौन सा युग्म गणित और इतिहास दोनों पढ़ाता था ?

**Options:**

A. B, X

B. A, B

C. Z, Y

D. B, Y

Answer: B, X

**121.**

Question: यदि 'वर्षा' है 'पानी', 'पानी' है 'सड़क', 'सड़क' है 'बादल', 'बादल' है 'आकाश', 'आकाश' है 'समुद्र' और 'समुद्र' है 'मार्ग', तो हवाईजहाज कहाँ उड़ते हैं ?

**Options:**

A. पानी

B. बादल

C. मार्ग

D. सड़क

Answer: बादल

**122.**

Question: निम्न शब्दों का अर्थपूर्ण क्रम दिए गए उत्तरों में से कौन सा एक होगा ?
1. बीज 2. पौधा
3. पुष्प 4. फल
5. वृक्ष

**Options:**

A. 1, 2, 3, 5, 4

B. 2, 3, 4, 1, 5

C. 1, 5, 4, 2, 3

D. 1, 2, 5, 3, 4

Answer: 1, 2, 5, 3, 4

**123.**

Question: प्रश्न चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करने के लिए एक उपयुक्त संख्या चुनें :

**Options:**

A. 14

B. 16

C. 22

D. 18

Answer: 22

**124.**

Question: 60 और 90 के मध्य सभी अभाज्य संख्याओं का औसत ज्ञात करें ।

**Options:**

A. 74.71

B. 74.00

C. 76.22

D. 72.55

Answer: 74.71

**125.**

Question: एक बैग में तीन प्रकार के सिक्के है 1 रुपये, 50 पैसे, और 25 पैसे के कुल 175 सिक्के हैं। यदि प्रत्येक प्रकार के सिक्कों का कुल मूल्य समान हो, तो बैग में कुल राशि है -

**Options:**

RajTest

A. ₹39

B. ₹26

C. ₹75

D. None of these / इनमें से कोई नहीं

Answer: ₹75

**126.**

Question: दो शंकुओं की त्रिज्याओं का अनुपात 2 : 1 एवं उनके आयतन समान हैं। उनकी ऊँचाइयों का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**Options:**

A. 4:1

B. 2:1

C. 1:8

D. 1:4

Answer: 1:4

**127.**

Question: A का 30% वेतन, B के वेतन के 3/5 वें के 20% के बराबर है। यदि B का वेतन ₹ 2,400, तो A का वेतन क्या है ?

**Options:**

A. ₹ 1,010

B. ₹ 960

C. ₹ 2,060

D. None of these / इनमें से कोई नहीं

Answer: ₹ 960

**128.**

Question: अस्मिता ने ₹ 9,534 की एक राशि 4 प्रतिशत प्रतिवर्ष की साधारण ब्याज दर से किसी निश्चित समयावधि पश्चात् कुल ₹ 11,442 की राशि प्राप्त करने के लिए निवेश किया। कुल राशि प्राप्त करने के लिए उसने कितने वर्षों के लिए निवेश किया ?

**Options:**

A. 9 years/वर्ष

B. 6 years/वर्ष

C. 8 years/वर्ष

D. 5 years/वर्ष

Answer: 5 years/वर्ष

**129.**

Question: चक्रवृद्धि ब्याज पर जमा की गई ₹ 12,000 की राशि 5 वर्षों बाद दुगुनी हो जाती है। 20 वर्षों बाद यह हो जाएगी

**Options:**

A. ₹ 1,40,000

B. ₹ 1,96,000

C. ₹ 1,92,000

D. ₹ 1,44,000

Answer: ₹ 1,92,000

**130.**

Question: यदि 24 संतरों का मूल्य ₹ 72 है, तो 120 संतरों का मूल्य ज्ञात कीजिए।

**Options:**

A. ₹ 190

B. ₹ 360

C. ₹ 182

D. ₹ 580

Answer: ₹ 360

**131.**

Question: एक बेईमान दुकानदार आलू को लागत मूल्य पर बेचने का दिखावा करता है, परन्तु वह 1 कि.ग्रा. के स्थान पर 950 ग्रा तौलता है। लाभ का प्रतिशत क्या है ?

**Options:**

A. 5.44%

B. 6.66%

C. 5.26%

D. 6.06%

Answer: 5.26%

**132.**

Question: एक वस्तु को बेचकर, महेश ने खरीद मूल्य के एक चौथाई के बराबर लाभ अर्जित किया। यदि उसने उसे ₹ 375 में बेचा तो, लागत मूल्य क्या था ?

**Options:**

A. ₹ 312.56

B. ₹ 360.43

C. ₹ 300.00

D. ₹ 281.85

Answer: ₹ 300.00

**133.**

Question: एक आयताकार क्षेत्र का परिमाप 480 m है और लम्बाई एवं चौड़ाई के बीच का अनुपात 5 : 3 है। उसका क्षेत्रफल है -

**Options:**

RajTest

A. 13501 sq.m.

B. 15501 sq.m.

C. 13500 sq.m.

D. None of these / इनमें से कोई नहीं

Answer: 13500 sq.m.

**134.**

Question: 4% चीनी वाले एक 6 लीटर घोल में से एक लीटर पानी वाष्पित हो गया । बचे हुए घोल में चीनी का प्रतिशत है

**Options:**

A. 3.8%

B. 4.8%

C. 5.8%

D. 1.8%

Answer: 4.8%

**135.**

Question: 1540 के 1/7 का 20% कितना है ?

**Options:**

A. 44

B. 88

C. 22

D. None of these / इनमें से कोई नहीं

Answer: 44

**136.**

Question: यदि 1 आदमी या 2 महिलाएँ या 3 लड़के एक कार्य के हिस्से को 44 दिनों में कर सकते हैं, तो वही कार्य के हिस्से को 1 आदमी, 1 महिला और 1 लड़का करेंगे -

**Options:**

A. 20 days/दिन में

B. 24 days/दिन में

C. 28 days/दिन में

D. 34 days/दिन में

Answer: 24 days/दिन में

**137.**

Question: यदि 21a + 21b का मान 1134 है, तो a और b का औसत कितना है ?

**Options:**

A. 20

B. 27

C. 56

D. None of these / इनमें से कोई नहीं

Answer: 27

**138.**

Question: एक घनाभ की विमाएँ हैं 7 cm, 11 cm और 13 cm । कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल है -

**Options:**

A. 3110 $cm^2$

B. 622 $cm^2$

C. 100 $cm^2$

D. 200 $cm^2$

Answer: 622 $cm^2$

RajTest